धर्म | पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव के पांचवें दिन आदिनाथ वन गमन व दीक्षा कल्याणक

# अयोध्या सा सजा गजरथ स्थल, भक्ति में डूबे श्रद्धालु






**नवभारत,जबलपुर।** पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव के पाँचवें दिन का आयोजन अत्यंत भव्य और भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रात:काल पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन व शांति हवन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद युवावस्था में आदिकुमार की बारात और विवाह का दिव्य मंचन हुआ, जिसमें श्रद्धालु झूमते नजर आए। इसके उपरांत आदिकुमार का चक्रवर्ती अभिषेक, दीक्षा-अभिषेक और राज्याभिषेक की विधि सम्पन्न हुई।

### मुकुट पहनाए जाने का दृश्य रहा आकर्षण

महाराज नाभिराय द्वारा युवराज आदिकुमार को मुकुट पहनाए जाने का दृश्य विशेष आकर्षण रहा। गजरथ स्थल अयोध्या नगरी की भांति सजा हुआ प्रतीत हो रहा था। आचार्यश्री ने अपनी मंगल देशना में भगवान ऋषभदेव के अद्भुत



अवतार, अवधिज्ञान, वीतरागता एवं दीर्घ तप की चर्या का वर्णन करते हुए दीक्षा कल्याणक का महत्व बताया।

### स्वास्थ्य शिविर 7 दिसंबर तक जारी

इस अवसर पर जैन डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जो 7 दिसंबर तक चलेगा। डीन डॉ. नवनीत सक्सेना और अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

### परंपरा के अनुसार सौंपे पिच्छी व कमण्डल

वैराग्य भाव के उदय के साथ आदिकुमार द्वारा राजपाट त्यागकर वनगमन का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। दोपहर 3 बजे आचार्य समयसागर महाराज ने दीक्षा मंत्रों के साथ आदिकुमार को मुनि 108 ऋषभ सागर महाराज के रूप में दीक्षित किया। उन्हें दिगंबर परंपरा के अनुसार पिच्छी व कमण्डल सौंपे गए।


### इनका कहना है



आज का गजरथ ऐसा लगा मानो स्वयं अयोध्या उतर आई हो। दीक्षा का दृश्य मन को छू गया।
**सुनीता जैन**



संगीत और भक्ति का सुंदर संगम पूरे वातावरण को आलोकित कर रहा था। यह यादगार दिन रहा।
**प्राची जैन**



आदिकुमार का वैराग्य और वनगमन का मंचन अत्यंत प्रभावशाली रहा। पूरे आयोजन में दिव्यता झलक रही थी।
**राजेश जैन**



आचार्यश्री की देशना ने दीक्षा कल्याणक का गूढ़ महत्व समझाया। हर शब्द प्रेरणा देने वाला था।
**प्रवीण जैन**



राज्याभिषेक का क्षण अद्वितीय था। श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था।
**प्रिंसी जैन**



स्वास्थ्य शिविर और धार्मिक आयोजन का संयोजन समाज के लिए आदर्श उदाहरण है।
**पूजा जैन**



# स्वस्थ शहर की नींव-स्वस्थ मिट्टी

▸ जनेकृविवि में विश्व मृदा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि), जबलपुर में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विश्व मृदा दिवस स्वस्थ शहरों के लिये स्वस्थ मिट्टी थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस (जबलपुर चैप्टर) और मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ऑनलाइन संबोधन में सोसायटी के प्रेसिडेंट एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि मृदा परीक्षण, सतत् निगरानी और संतुलित उर्वरक उपयोग टिकाऊ खेती के मूल आधार हैं।

उन्होंने अधिक जैविक खाद और बायो-फर्टिलाइज़र अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए रासायनिक खादों के अति-प्रयोग से मिट्टी के क्षरण पर चिंता व्यक्त की। इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस, नई दिल्ली के काउन्सलर डॉ. बी. एस. द्विवेदी ने कहा कि मिट्टी की देखभाल हर नागरिक का दायित्व है, क्योंकि स्वस्थ मिट्टी से ही स्वस्थ पौधे और स्वस्थ नागरिक संभव हैं। स्वागत उद्बोधन में मृदा वैज्ञानिक डॉ. अमित उपाध्याय ने मिट्टी में घटते सूक्ष्मजीवों और गिरती गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए मृदा संरक्षण के लिये जन-जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ—पहले सत्र में वक्ताओं और छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किये, जबकि दूसरे सत्र में पोस्टर प्रदर्शनी सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हुईं। संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. जी. एस. टैगोर ने किया। इस अवसर पर डॉ. राकेश साहू, डॉ. फूलचंद अमूले, धर्मेन्द्र विजयवर्गीय, मधुकर, राजकुमार काछी, संगीता, रचना सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# 70 वर्ष से उपर के सदस्य बिखेरेंगे अपने हुनर का जलवा

सेम सीनियर सिटीजन क्लब का स्थापना दिवस 9 को

**नवभारत, जबलपुर।** उम्र के इस पड़ाव पर सीनियर सिटीजन अधिकांश लोग अपने एकाकी जीवन की निष्क्रियता जूझ रहे हैं ऐसे में सीनियर सिटीजन क्लब उनके जीवन में एक नया प्रकाश लेकर आया है। सेम सीनियर सिटीजन क्लब का स्थापना दिवस 9 दिसम्बर को साउथ एवेन्यू मॉल में सायंकाल 3 बजे से किया जाएगा। सेम सीनियर सिटीजन का उत्साह, उल्लास और सक्रियता में नगर के हर वर्ग में एक आशा का संचार किया है।जिसमें पूर्व न्यायाधीश-सेना अधिकारीगण, सेवानिवृत्त इंजीनियर, साहित्य क्षेत्र से जुड़ी विभूतियाँ 16 सालों से प्रति सोमवार को अपनी सक्रियता से शहर को एक संदेश दिया है। स्थापना दिवस में समाजसेवी बाबू विश्वमोहन, कलेक्टर राघवेन्द्रसिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. व्ही. के. भारद्वाज, डॉ. सुधीर तिवारी, डॉ. पवन स्थापक आमंत्रित हैं। उपस्थिति की अपील जादूगर एस. के. निगम, विंग कमांडर चंदन शर्मा, न्यायाधीश मीना भट्ट, जसवीर चौपड़ा ने की है।

### एक नजर में



## दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

**नवभारत,जबलपुर।** ब्लाइंड क्रिकेट राष्ट्रीय नागेश ट्रॉफी के आठवें संस्करण का ग्रुप-डी चरण रानी ताल स्टेडियम में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांत संघ चालक डॉ. प्रदीप दुबे ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, आवश्यकता केवल सहयोग और मार्गदर्शन की है। कार्यक्रम में स्टेट डिसेबिलिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. श्रद्धा तिवारी सहित कई दिव्यांगसेवी उपस्थित रहे। ग्रुप-डी के नौवें मैच में पांडिचेरी ने 6 विकेट पर 190 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए मध्य प्रदेश ने बिना विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल किया। कप्तान दीपक को नाबाद 82 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में हरियाणा ने बिहार द्वारा दिए गए 153 रन के लक्ष्य को 15 .3 ओवर में मात्र एक विकेट खोकर पूरा कर लिया। शानदार 80 रनों की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा मैन ऑफ द मैच बने। ग्रुप-डी से उड़ीसा ने चार और हरियाणा ने तीन मैच जीतकर सुपर-8 चरण के लिए क्वालीफाई किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार जैन और आभार प्रदर्शन डॉ. एच. पी. तिवारी ने किया।



## रूमा बेनर्जी और श्रेया खंडेलवाल सम्मानित

**जबलपुर, नवभारत।** स्वर्ण सरोवर गीतमाला का 25वां आयोजन समस्त स्वर्णकार समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सीता देवी, दिल्ली आकाशवाणी में कार्यरत क्लासिक सिंगर अंजली नरेन्द्र जड़िया के मुख्यातिथ्य एवं हास्य कलाकार बलराम वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य मे दत्त मंदिर गोलबाजार जबलपुर में आयोजित किया गया जिसमे शहर की सुप्रसिद्ध गायिका रूमा बेनर्जी एवं जबलपुर की स्वच्छता अभियान की ब्रांड ऐम्बेसडर एवं अनेकों राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित श्रेया खंडेलवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे अंजली नरेन्द्र जड़िया, सीता देवी, रूमा बेनर्जी, पुरुषोत्तम सराफ ने शानदार गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन शहर के ख्यातिलब्ध वरिष्ठ साहित्यकार सम्मानीय राजेश पाठक प्रवीण एवं शहर के ख्यातिलब्ध ऐंकर अमित परनामी ने किया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा अनुमोदित गोल्ड स्मिथ ट्रेडर्स चैंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय संगठन सचिव पद पर नियुक्त किए गए पुरुषोत्तम सराफ को शाल से सम्मानित किया गया। सम्मान के गीतों का कार्यक्रम चलता रहा जिसमे अर्चना खंडेलवाल, महेश मेश्राम, प्रवीण दुबे, संजय सराफ, धीरज अप्रेल, वर्षा उपाध्याय, विजय जाटव, छाया तिवारी, राहुल राज ने प्रस्तुति दी।




## कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का सम्मान

**जबलपुर, नवभारत।** घंटाघर काफी हाउस मित्र मंडल एवं रानी दुर्गावती पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे, पूर्व छात्र नेता जनजागरण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मथुरा प्रसाद दुबे के आतिथ्य में महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा को कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाए जाने पर समस्त खेल संघों एवं पूर्व छात्र नेताओं की उपस्थिति में घंटाघर काफी हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया साथ ही ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक छात्र नेता संजय यादव, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे, पूर्व छात्र नेता मथुरा प्रसाद दुबे, मधु चौधरी, की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर घंटाघर मित्र मंडल के अध्यक्ष राज सोनकर एवं विश्वविद्यालय पूर्व छात्र (शिक्षण विभाग) के संयोजक दीना ठाकुर ,संजय साहू, अशोक तोमर द्वारा माला पहनाकर मूमेंट से सम्मानित किया गया वहीं वॉलीबॉल संघ की ओर से जिला सचिव नीलम चंसोरिया, अशोक नामदेव, गजराज वैद्य भी सम्मानित किये गए।

# युवाओं के तनाव पर 'मनसा' की ढाल

कलेक्टर की पहल से मुफ़्त काउंसलिंग शुरू, रजिस्ट्रेशन 9 तक



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अभिनव पहल पर जिले में विद्यार्थियों, परीक्षार्थियों और कामकाजी युवाओं में बढ़ रहे तनाव व अवसाद को कम करने के लिए मनसा नामक नि:शुल्क काउंसलिंग कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में मानसिक तनाव, चिंता, भावनात्मक असंतुलन और निर्णय लेने में कठिनाई जैसी स्थितियों में मनोचिकित्सक और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के लिए योग्य काउंसलर्स का पैनल बनाया जा रहा है। इच्छुक विशेषज्ञ लिंक httpsÑ//forms.gle/zPsaLdjzedenV&Wy| के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए व्यक्तिगत विवरण तथा योग्यता संबंधी दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। कलेक्टर ने जिले के सभी मनोचिकित्सकों और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से 9 दिसम्बर तक रजिस्ट्रेशन कर इस सामाजिक पहल का हिस्सा बनने की अपील की है।

# लगभग 7 प्रतिशत अधिक हुआ माल लदान

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के नवम्बर 2025 माह में 04.62 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 04.29 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया था, जो कि 07.73 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल ओरजिनेटिंग गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष 2025 के अप्रैल से नवम्बर तक कुल 36.08 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 33.77 प्रारम्भिक मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 06.84 प्रतिशत अधिक है।




# दो दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन

▸ सफाई मित्रों को स्वास्थ्य जांच शिविर का भी दिया गया लाभ

**जबलपुर, नवभारत।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त स्वास्थ्य सह नोडल अधिकारी एस.बी.एम. संभव अयाची, सहायक यंत्री स्वास्थ्य एवं सह सहायक नोडल अधिकारी एस.बी.एम. के मार्गदर्शन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित संस्था फीडबैक फाउंडेशन एवं नगर निगम जबलपुर एवं आदित्य कंसलटेंसी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में मानस भवन स्थित छोटा हॉल में दो दिवसीय सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सफाई मित्रों हेतु क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य एवं सुरक्षा में होने वाले हानिकारक प्रभाव एवं उसके उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सभी की शुगर, बी पी, एलर्जी, हड्डियों से संबंधित जांच एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच का लाभ दिया गया।

# शहर की सफाई और मूलभूत सुविधाओं में आया बड़ा सुधार : निगमायुक्त



**जबलपुर,नवभारत।** शहर की सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आया है, वहीं नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का भी लगातार विस्तार हो रहा है। इन व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने के परिणामस्वरूप आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है, जिसका सीधा असर जनसुनवाई और सीएम हेल्प लाइन के शिकायती प्रकरणों की संख्या में भारी कमी के रूप में देखने को मिला है। निगम मुख्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने इस सकारात्मक बदलाव पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाले शेष प्रकरणों पर समय सीमा के भीतर और नागरिकों की पूर्ण संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था के प्रबंधन को और अधिक मजबूत किया गया है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में नियमित्ता आई है और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी का जमाव कम हुआ है, जिससे शहर की स्वच्छता रैंकिंग में भी सुधार की उम्मीद है। इसके साथ ही, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग और सड़कों के रखरखाव जैसी बुनियादी सुविधाओं में भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, जमीनी स्तर पर बेहतर कार्यप्रणाली और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर देने से ही शिकायती प्रकरणों की संख्या में यह उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त एवं समस्त विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।



# अमित सोनी को मिला द्वितीय पुरस्कार

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली गई 468 वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में नई दुनिया के प्रेस फोटोग्राफर अमित सोनी को द्वितीय पुरस्कार निर्णायक मंडल द्वारा दिया गया था। पुरस्कार वितरण में बाहर होने के कारण शुक्रवार को हरे कृष्णा आश्रम में स्वामी रामचंद्र दास महाराज एवं डॉ वाय आर यादव के सानिध्य में अमित सोनी को पुरस्कार एवं पांच हजार रुपए की राशि प्रदान की गई।



# यातायात नियमों का छात्र-छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

**जबलपुर, नवभारत।** जीएस कॉलेज के छात्र- छात्राओं को सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत अति पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी के निर्देशन एवं मालवीय चौक यातयात डीएसपी संतोष कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में तीन पत्ती चौराहे पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। यहां सूबेदार रोहित तिवारी द्वारा रोड मार्किंग, ट्रैफिक सिग्नल की कार्यप्रणाली तथा प्रत्यक्ष रूप से ट्रैफिक रेगुलेशन का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों को पुष्प देकर सम्मानित किया गया, जबकि बिना हेलमेट मिले चालकों को सुरक्षा नियमों के महत्व की समझाइश दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरुण पटेल, सूबेदार राहुल सिंह सहित बड़ी संख्या में यातायात पुलिस एवं कॉलेज छात्रों ने सहभागिता की।

पहल | निगमायुक्त ने राजस्व वृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्व, जल और बाजार विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

# निगम की आय बढ़ाने राजस्व-जल विभाग अमले को मैदान में उतारा

**जबलपुर, नवभारत।** नगर निगम की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली अभियान को व्यापक बनाते हुए बड़ी पहल की है। उन्होंने अब राजस्व अमले के साथ-साथ जल विभाग के टाइम कीपरों और उपयंत्रियों को भी वसूली कार्य में लगा दिया है। निगमायुक्त का यह कदम बकाया करों और शुल्कों की वसूली में तेजी लाने के लिए उठाया गया है। वसूली अभियान में प्रमुख रूप से सम्पत्तिकर के अलावा जलशुल्क, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुल्क, विभिन्न प्रकार के लायसेंस शुल्क और निगम की दुकानों के किराए की वसूली पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने राजस्व वृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्व, जल और बाजार विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने तीनों विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर वसूली अभियान को प्रभावी ढंग से गति प्रदान करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राजस्व शिविरों और आगामी नेशनल लोक अदालत की जानकारियों से करदाताओं को हर हाल में अवगत कराएं। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, देवेन्द्र सिंह चौहान, अंजू सिंह ठाकुर, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, राजस्व अधीक्षक इन्द्र कुमार वर्मा, बाजार अधीक्षक राजेन्द्र दुबे के साथ सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि वित्तीय वर्ष के अंत तक शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जा सके।